प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्र सं0: एस0पी0एम0यू0/NVBDCP/दि0 नि0/02/2012–13/969-72 दिनांक: 1/8/12

विषय : नेशनल डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम के नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012–13 में कार्यक्रमवार, जनपदवार, मदवार अवमुक्त धनराशि एवं तद्सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदया/महोदय,

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम हेतु वर्ष 2012–13 के लिए आर0ओ0पी0 2012–13 के **एफ0एम0आर0 कोड सं0–एफ** के अन्तर्गत ₹ 2662.30 लाख की धनराशि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गई है, जिसमें भारत सरकार द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री (Commodities) हेतु अनुमोदित धनराशि ₹ 1350.00 लाख भी सम्मिलित है। अनुमोदित धनराशि के सापेक्ष राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के खाते में कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

2. राज्य कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 26.06.2012 में नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 के लिए अनुमोदित ₹ 2662.30 लाख की धनराशि में से ₹ 1350.00 लाख की धनराशि को घटाते हुए अवशेष ₹ 1312.30 लाख के सापेक्ष राज्य स्तर के लिए ₹ 155.64 लाख तथा जनपद स्तर के लिए ₹ 1156.62 लाख की धनराशि के उपयोग का निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया गया है–

Sl. No.	Head	Total Appoved budget in ROP 2012-13 under NVBDCP	State	District	Total	Balance
1	Malaria	135.00	8.00	127.00	135.00	0.00
2	Filaria	283.10	25.86	257.24	283.10	0.00
3	Dengue	62.00	8.89	53.11	62.00	0.00
4	Kala Azar	10.00	0.00	10.00	10.00	0.00
5	JE	400.00	103.65	296.31	399.96	0.04
6	Decentralized Commodities	422.20	9.24	412.96	422.20	0.00
Grand Total		**1312.30**	**155.64**	**1156.62**	**1312.26**	**0.04**

3. वित्त अनुभाग, राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा उपलब्ध कराई गई दिनांक 01.04.2012 के जनपदों में अवशेष धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2011–12 की कमिटेड लायबिलिटी ₹ 33.34 लाख की धनराशि को समायोजित करते हुए महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं तथा अपर निदेशक/राज्य कार्यक्रम अधिकारी, मलेरिया एवं वी0बी0डी0 द्वारा उपलब्ध कराए गए फांट के अनुसार नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम के अन्तर्गत कालाजार, फाइलेरिया एंव जे0ई0/ए0ई0एस0 हेतु शत प्रतिशत धनराशि तथा मलेरिया एवं डेंगू/चिकनगुनिया हेतु अनुमोदित धनराशि की एक चौथाई धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में निम्नलिखित तालिका के अनुसार अवमुक्त की जा रही है–

SN	Districts	Balance as on 31.05.2012 as provided by Finance section, SPMU	Commited laibility as on 01.04.2012 as provided by Finance section, SPMU	Net uncommitted unspent Balance under NVBDCP	Total Approved amount in ROP 2012-13	Total amount proposed for release in 1st installment	Net amount proposed for release relaesed after adjusting
1	2	3	4	5	6	7	8 (col. 7-5)
1	Agra	40725	0	40725	789800	116001	75276
2	Aligarh	469244	0	469244	584200	95667	0
3	Allahabad	1670657	0	1670657	3061550	972283	0

---2

4	Ambedkar Nagar	38709	0	38709	1338300	658367	619658
5	Auraiya	556470	0	556470	820950	324550	0
6	Azamgarh	423535	0	423535	4563733	3362266	2938731
7	Badaun	490542	0	490542	469900	82000	0
8	Baghpat	78941	0	78941	247000	65000	0
9	Bahraich	352843	0	352843	3765609	2740241	2387398
10	Ballia	144126	0	144126	3765974	2867241	2723115
11	Balrampur	254752	926000	-671248	2197218	1641385	2312633
12	Banda	633117	0	633117	1152950	383549	0
13	Barabanki	254747	0	254747	2005350	999450	744703
14	Bareilly	546101	0	546101	1684600	706599	160498
15	Basti	460376	0	460376	3768423	2771090	2310714
16	Bijnor	86218	0	86218	548500	57500	0
17	Bulandshahar	546218	0	546218	259500	69166	0
18	Chandauli	775893	0	775893	647100	357166	0
19	C.S.M. Nagar	84120	0	84120	842000	309000	224880
20	Chitrakoot	526145	0	526145	700200	282866	0
21	Deoria	376082	512000	-135918	3499273	3179173	3315091
22	Etah	433538	0	433538	1164900	97834	0
23	Etawah	693161	0	693161	524350	338017	0
24	Faizabad	676749	0	676749	955950	460216	0
25	Farrukhabad	748602	0	748602	1535230	364863	0
26	Fatehpur	962478	1000	961478	1236300	527533	0
27	Ferozabad	82776	0	82776	868400	56334	0
28	GB Nagar	231552	0	231552	245000	64334	0
29	Ghaziabad	1078669	0	1078669	1059400	717400	0
30	Ghazipur	138501	92000	46501	1931700	1263866	1217365
31	Gonda	171291	0	171291	3573593	2446326	2275035
32	Gorakhpur	422560	1012000	-589440	3600523	2442256	3031696
33	Hamirpur	386891	0	386891	2209100	691800	304909
34	Hardoi	812403	0	812403	558700	61500	0
35	Mahamaya Nagar	589833	0	589833	1113200	88334	0
36	Jalaun	421124	0	421124	508850	341184	0
37	Jaunpur	795912	0	795912	1310700	706900	0
38	Jhansi	698031	0	698031	1363200	78333	0
39	JP Nagar	98465	0	98465	463900	80001	0
40	Kannauj	671678	0	671678	502350	322017	0
41	Kanpur (Dehat)	720322	0	720322	963650	414783	0
42	Kanpur (Nagar)	968102	0	968102	1391350	843683	0
43	Kanshi Ram Ngr	63030	0	63030	1966150	381517	318487
44	Kaushambi	615465	0	615465	882900	703901	88436
45	Kushinagar	2909250	0	2909250	3687950	3215783	306533
46	Lakhimpur Khiri	871514	0	871514	2912160	2046527	1175013
47	Lalitpur	282719	0	282719	1350900	100333	0
48	Lucknow	1324971	0	1324971	1055550	899217	0
49	Maharajganj	825588	0	825588	4967474	2866540	2040952
50	Mahoba	599127	0	599127	900050	234917	0
51	Mainpuri	530478	0	530478	436700	66834	0
52	Mathura	81572	0	81572	223000	56334	0
53	Mau	187426	0	187426	1900691	1650725	1463299
54	Meerut	58931	0	58931	644500	56834	0

Case

---3

55	Mirzapur	627873	672000	-44127	1049800	519934	564061
56	Moradabad	25090	0	25090	1253200	62000	36910
57	Muzzafarnagar	364818	0	364818	587200	97333	0
58	Pilibhit	341288	0	341288	536550	267951	0
59	Pratapgarh	493601	0	493601	1198250	491150	0
60	Raebareilly	739109	0	739109	3218131	2386231	1647122
61	Rampur	481053	0	481053	1510900	394034	0
62	Saharanpur	123581	0	123581	888200	94834	0
63	Sant .R.D. Nagar	639129	0	639129	689600	435600	0
64	Sant Kabir Nagar	475554	67000	408554	2359995	1888295	1479741
65	Shahjahanpur	518114	0	518114	1445400	534399	16285
66	Shrawasti	157546	0	157546	1718258	1365758	1208212
67	Siddharthanagar	509685	0	509685	3310894	2687794	2178109
68	Sitapur	900358	52000	848358	2074790	798623	0
69	Sonbhadra	103517	0	103517	1165410	480677	377160
70	Sultanpur	213979	0	213979	2289800	1030201	816222
71	Unnao	615576	0	615576	1645750	563216	0
72	Varanasi	866437	0	866437	3573150	1345783	479346
73	Sambhal	0	0	0	142000	47332	47332
74	Shamli	0	0	0	144000	47999	47999
75	Haapur	0	0	0	140000	46666	46666
Total		**37158578**	**3334000**	**33824578**	**115661779**	**62313346**	**38979587**

4. अवमुक्त की गई धनराशि का कार्यक्रमवार, जनपदवार, मदवार विवरण संलग्नक–1 पर दिया जा रहा है।

5. उपर्युक्त सारणी में इंगित जनपद (शामली) प्रबुद्धनगर की धनराशि जनपद मुजफ्फरनगर, जनपद (हापुड़) पंचशीलनगर की धनराशि जनपद गाजियाबाद तथा जनपद (सम्भल) भीमनगर की धनराशि जनपद मुरादाबाद की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त की जा रही है क्योंकि नव निर्मित उक्त जनपदों में जिला स्वास्थ्य समिति का गठन/बैंक खाता अभी नहीं है। उक्त धनराशि मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की मांग के अनुसार सम्बन्धित जनपदों के जिला स्वास्थ्य समिति के बैंक खाते में (खाता खुलने के उपरान्त) तत्काल ई–ट्रांसफर कर दी जाये।

6. धनराशि का आवंटन मात्र, आपको व्यय करने के लिए प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृत के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि अवमुक्त की गई है उसी कार्यक्रम/मद में व्यय उसी सीमा तक नियमानुसार किया जाये।

7. अवमुक्त की जा रही धनराशि से सम्बन्धित भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की सूचना के साथ जनपदों में अवशेष धनराशि एवं अवशेष देनदारियों की जनपदवार कारण सहित स्पष्ट सूचना निदेशक, जे0ई0/ए0ई0एस0 तथा अपर निदेशक/राज्य कार्यक्रम अधिकारी, मलेरिया एवं वी0बी0डी0 द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त ही कार्यक्रम के अर्न्तगत अवशेष धनराशि की अगली किस्त अवमुक्त की जायेगी।

8. नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज़ कन्ट्रोल प्रोग्राम (मलेरिया, फाइलेरिया, डेगूं/चिकनगुनिया, जे0ई0/ए0ई0एस0 व कालाजार) हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के उपयोग एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश निम्नवत है–

(क) मलेरिया

1. **आशाओं के प्राशिक्षण एवं मानदेय–** आशाओं को प्राशिक्षण देकर ज्वर रोगियों की स्लाइड निर्मित कराई जायेगी। रक्त पट्टिका बनाने एवं उसे निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में जाँच हेतु समयान्तर्गत पहुँचाने **पर प्रति पट्टिका रू0 5.00 देय होगा।** प्रत्येक जनपद में आशा द्वारा रक्त पट्टिका बनाने हेतु **20000 रक्त पट्टिका**

बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे एक्टिव सर्विलेन्स में वृद्धि होगी तथा अधिक से अधिक मलेरिया रोगी की पहचान कर उपचार किया जा सकेगा।

2. प्रयोगशाला प्राविधिक/प्रयोगशाला सहायक, मलेरिया परजीवी की जाँच हेतु जनपद स्तरीय प्रशिक्षण/कैपिसिटी बिल्डिगं किया जाना है। जिससे मलेरिया परजीवी की पहचान करने में कोई त्रुटि न रहे। जो भी ज्वर रोगी चिकित्सालय/स्वास्थ्य केन्द्र में आते है, उन सभी की मलेरिया परजीवी जाँच हेतु रक्त पट्टिका निर्मित कर जाँच अवश्य की जानी है। इससे पैसिव सर्विलेन्स में वृद्धि होगी तथा अधिक से अधिक मलेरिया रोगी की पहचान कर उपचार किया जा सकेगा।

3. **अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण तथा एपीडेमिक प्रीपेयर्डनेस–** जनपद सोनभद्र मलेरिया के लिए अधिक संवेदनशील है, यहाँ का क्षेत्र पठारी, पहाड़ी एवं दुर्गम है। अतः रू0 22000.00 प्रति माह की दर से वाहन आठ माह के लिए हायर करने हेतु धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार जनपद मिर्जापुर, कानपुर देहात, मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर भी मलेरिया विशेष रूप से फैल्सीपेरम मलेरिया के लिए अति संवेदनशील हैं। अतः इन जनपदों को तीन/चार माह हेतु वाहन हायर करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। जनपद एटा, अलीगढ़, इलाहाबाद, बदायूँ, औरैया, बाँदा, बुलन्दशहर, चन्दौली, चित्रकूट, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, जी0बी0 नगर, गाजियाबाद, हमीरपुर, महामाया नगर, जे0पी0नगर, कन्नौज, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी एवं सन्त रविदास नगर मध्यम रूप से मलेरिया के लिए संवेदनशील हैं, उन्हें भी आवश्यकतानुसार एक/डेढ़ माह के लिए वाहन हायर करने हेतु धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अनुबन्धित किये जा रहे वाहनों का नम्बर एवं डिजीटल फोटोग्राफ के साथ भ्रमण की मासिक सूचना, भ्रमण किये गये स्थान एवं तिथि की भी डिजीटल फोटोग्राफ के साथ सी0डी0 के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

मलेरिया कार्यक्रम सम्बन्धी समस्त क्रियाकलापों जैसे कि आशा का प्रशिक्षण, आशाओं द्वारा निर्मित की गई रक्त पट्टिका, एक्टिव एवं पैसिव सर्विलेन्स, इपीडिमिक प्रीपेयर्डनेस, प्रचार–प्रसार, लैब टेक्निशियन/लैब असिस्टेन्ट का प्रशिक्षण, किराए के वाहन का प्रयोग (लॉगबुक प्रतिदिन हस्ताक्षरित हो, स्थान का उल्लेख व कार्य प्रयोजन भी अंकित हो) एवं सरकारी वाहनों में पी0ओ0एल0 के मद में स्वीकृत धनराशि का व्यय आदि की मॉनीटरिगं एवं मूल्यांकन तथा सर्वेक्षण निम्नानुसार किया जायेगा–

उपकेन्द्र स्तर पर किए गए कार्यो का 20 प्रतिशत, प्रा0/सामु0 स्वा0 केन्द्र स्तर पर 10 प्रतिशत, जिला स्तरीय अधिकारियों (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपदीय कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा 2 प्रतिशत एवं मण्डलीय अधिकारी (मण्डलीय अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0) द्वारा 0.5 प्रतिशत तथा राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय–समय पर भ्रमण के दौरान सत्यापन किया जायेगा। प्रतिमाह इसकी सत्यापित संकलित सूचना, जिसमें प्रशिक्षण सत्रों की फोटो भी हो, संकलित कर इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

4. **प्रचार–प्रसार–** अधिक संवेदनशील पाँच जनपदों में रू0 50000.00 प्रति जनपद की दर से तथा मध्यम संवेदनशील जनपदों में रू0 20000.00 तथा कम संवेदनशील जनपदों में रू0 10000.00 की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। आप द्वारा बनायी गई कार्ययोजना के अनुरूप/राज्य मलेरिया मुख्यालय से उपलब्ध कराई गई कार्य योजना/समय सारणी के अनुरूप प्रचार–प्रसार कार्यक्रम कराये जायेगें। प्रचार–प्रसार में लोक विधाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे कठपुतली कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, बिरहा तथा स्कूलों में वाद–विवाद प्रतियोगिता आदि द्वारा जनसामान्य में जागरूकता पैदा की जाये। प्रचार–प्रसार मद में ही इण्टर सेक्टोरियल कनवर्जेन्स अन्य विभागों एवं आशाओं के साथ किया जायेगा। इनकी तिथिवार फोटोग्राफी कराकर डिज़ीटल रिकार्ड सी0डी0 में रखी जाये तथा उसकी एक प्रति इस कार्यालय को भी प्रेषित की जाये ताकि भारत सरकार के दिशा–निर्देश के तहत वेबसाइट www.upnrhm.gov.in पर अपलोड किया जा सके। सी0डी0 के साथ प्रचार–प्रसार सम्बन्धी अखबारों की कतरने भी संकलित कर इस कार्यालय को प्रेषित की जाये। प्रचार–प्रसार कराने का काम डिस्ट्रिक्ट कम्यूनिटी मोबलाईज़र तथा हेल्थ एजूकेशन ऑफिसर का होगा।

(ख) डेगूं एवं चिकनगुनिया

1. डेंगू एवं चिकनगुनिया के अन्तर्गत रू0 2.00 लाख [illegible] तथा रू0 100000.00 सेन्टीनल सर्विलेन्स हॉस्पिटल लैब सी0एस0एम0एम0यू0 लखनऊ एवं सेन्टीनल सर्विलेन्स हॉस्पिटल लैब जी0एस0वी0एम0 कानपुर नगर तथा रू0 75000.00 की दर से शेष निम्नलिखित 20 सेन्टीनल

सर्विलेन्स हास्पिटल को भारत सरकार द्वारा आवंटित की गयी है जो लैब के सुदृढ़ीकरण, कन्ज्यूमेबल, कन्टीजेन्सी तथा उपकरणों एवं उनकी मरम्मत पर व्यय की जाएगी। एपेक्स रिफरल लैब, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ एवं समस्त सेन्टीनल सर्विलेन्स लैब के सुदृढ़ीकरण का उत्तरदायित्व सम्बन्धित मण्डलीय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 का होगा। सुदृढ़ीकरण की सूचना इस कार्यालय को त्रैमासिक उपलब्ध करायेंगें।

1. रीजनल लैब स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
2. मुकुन्द लाल म्युनिसिपल गर्वमेंन्ट जिला अस्पताल गाजियाबाद।
3. एच0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ।
4. एम0एल0बी0 मेडिकल कालेज, झांसी।
5. एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज, इलाहाबाद।
6. इस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बी0एच0यू0, वाराणसी ।
7. एस0एन0 मेडिकल कालेज आगरा।
8. भीमराव अम्बेडकर मल्टी स्पेशिलिटी हास्पीटल जिला अस्पताल, जी0 बी0 नगर।
9. जिला चिकित्सालय सिद्धार्थ नगर।
10. जिला चिकित्सालय खीरी।
11. जिला चिकित्सालय बस्ती।
12. जिला चिकित्सालय सहारनपुर।
13. जिला चिकित्सालय गोरखपुर।
14. जिला चिकित्सालय बहराइच।
15. जिला संयुक्त चिकित्सालय कुशीनगर।
16. जिला चिकित्सालय गोण्डा।
17. जिला चिकित्सालय बलरामपुर।
18. जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर।
19. जिला चिकित्सालय देवरिया।
20. जिला चिकित्सालय रायबरेली।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ रू0 200000.00 एस0जी0पी0जी0आई0 एपेक्स रेफरेल लैब को रू0 100000.00 सी0एस0एम0एम0यू0 लखनऊ को तथा रू0 75000.00 की धनराशि रीजनल लैब, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ को भुगतान करेगें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, मेरठ, झॉसी, इलाहाबाद, वाराणसी, आगरा, जी0बी0 नगर, सिद्धार्थ नगर, खीरी, बस्ती, सहारनपुर, गोरखपुर, बहराइच, कुशीनगर, गोण्डा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, देवरिया तथा रायबरेली अपने जनपद में स्थापित सेन्टीनल सर्विलेन्स लैब को रू0 75000.00 की धनराशि का भुगतान करेगें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर रू0 100000.00 जी0एस0वी0एम0 में स्थापित सेन्टीनल सर्विलेन्स लैब को भुगतान करेगें।

2. **मानीटरिंग, सुपरविजन, रैपिड रिस्पांस**– रिपोर्ट का संकलन, सर्वेक्षण आवश्यकता पड़ने पर कम्प्यूटर मरम्मत कराना, रैपिड रिस्पांस टीम गठित करना एवं मोबिलिटी/पी0ओ0एल0 में व्यय करना है। डेगूं/ चिकनगुनिया से सम्बन्धित समस्त क्रियाकलापों का मॉनीटरिगं, सुपरविजन एवं मूल्याकंन की मासिक डिजीटल रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

3. एपीडेमिक प्रीपेयरडनेस के लिए उपकरणों की मरम्मत, फॉगिंग हेतु पी0ओ0एल0 क्रय, आवश्यक डाग्नोस्टिक किट्स (एलाइजा एन एस–1) को उपलब्ध कराना, एपीडेमिक से संबंधित औषधियों को उपलब्ध कराना, अस्पताल में शैयाओं का चिन्हीकरण कराना, एम्बुलेन्स की मरम्मत यदि आवश्यक हो तो करायी जायेगी तथा मासिक रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

4. **प्रशिक्षण** – जनपदों के सारे प्रयोगशाला प्राविधिज्ञों एवं प्रयोगशाला सहायकों का प्रशिक्षण जनपद स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए अधिक प्रभावित जनपदों को अधिक धनराशि दी जा रही है तथा शेष सभी जनपदों को रू0 2000.00 की धनराशि दी जा रही है। प्रशिक्षण सत्र की डिज़ीटल फोटोग्राफ, प्रतिभागियों की उपस्थिति सहित सी0डी0 बना करके रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

5. **प्रचार–प्रसार/व्यवहार परिवर्तन/सोशल मोबलाइजेशन** – संवेदनशीलता के अनुरूप धनराशि आवंटित की गयी है। इस कार्यक्रम में हैण्डबिल्स, क्या करें, क्या न करें, एडीज मच्छरों से बचाव के उपाय, एडीज

मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपाय, पोस्टर, कठपुतली, नुक्कड़ नाटक, इन्टर सेक्टोरियल बैठकें आदि किया जाना है। प्रचार– प्रसार कार्यक्रम सप्ताहवार, माहवार कार्ययोजना एवं समय सारणी के अनुरूप किया जाएगा।

(ग) फाइलेरिया (लिम्फैटिक फाइलेरियेसिस)

फाइलेरिया के अन्तर्गत एम0डी0ए0 कार्यक्रम दिनांक 11 नवम्बर 2012 को किया जाना प्रस्तावित है। यह वनटाइम (एक बारगी) क्रियाकलाप है। भारत सरकार द्वारा फाइलेरिया कार्यक्रम की गाइड लाइन के अनुसार अनुमोदित धनराशि का उपयोग किया जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य निम्नवत् हैं–

फाइलेरिया रोगियों (लिम्फोडेमा एवं हाइड्रोसील के अलग–अलग) के रोगियों का ग्राम/उपकेन्द्र/प्राथ0 स्वा0 केन्द्रवार विवरण/सूची हाउस टू हाउस सर्वेक्षण कर बनाना।

1. नाइट सर्वे के अर्न्तगत 04 स्थायी (03 ग्रामीण एवं 01 नगरीय) तथा 04 अस्थायी रेण्डम (03 ग्रामीण एवं 01 नगरीय) स्थानों, प्रत्येक स्थान से कम से कम 500 रक्त पट्टिकायें एकत्रित कर परीक्षित की जायें । इस प्रकार प्रत्येक जनपद को कम से कम 4000 रक्त पट्टिकायें एकत्रित कर परीक्षित करनी होगी। नाइट सर्वे न कराये जाने अथवा इसके त्रुटिपूर्ण होने पर फाइलेरिया दिवस का आयोजन औचित्यपूर्ण नहीं होगा और इसके लिये जनपदीय अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। नाइट सर्वे में मण्डलीय प्रयोगशाला प्राविधिज्ञों एवं वाराणसी के आस–पास के जनपदों द्वारा राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली (भारत सरकार) की वाराणसी इकाई का भी योगदान लिया जायेगा।
2. औषधि वितरण/सेवन कराये जाने के सम्बन्ध में जनपदीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (चिकित्साधिकारी सहित)/कर्मचारियों (उपकेन्द्रीय पैरामेडिकल सहित) तथा औषधि वितरकों/स्वयंसेवियों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मियों का अलग–अलग विवरण उपकेन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार रखा जायेगा ।
3. औषधि वितरण/सेवन कराये जाने के सम्बन्ध में जनपदों में विभिन्न स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराया जायेगा कि **औषधि का सेवन खाली पेट न कराने पर विशेष बल दिया जाय तथा साथ ही दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गम्भीर रोगियों को औषधि का सेवन न कराया जाय।** जनपदों द्वारा लाइन–लिस्ट की सॉफ्ट कॉपी मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0 तथा इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी। मण्डलीय अपर निदेशक द्वारा एक प्रतिशत का लाभार्थियों का सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस से सम्बन्धित विभिन्न कार्यालापों के लिये राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियन्त्रण कार्यकम (भारत सरकार), दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप उपलब्ध कराये गये बजट से निम्नवत् कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी–

1. मीटिंग के लिए उपलब्ध राशि में से जनपद स्तरीय समन्वय समिति की दो बैठकों के लिए प्रति बैठक अधिकतम ₹ 7000.00 (दो बैठकों के लिए ₹ 14000.00) की धनराशि सम्मिलित है। एक बैठक सितम्बर, 2012 में व दूसरी अक्टूबर, 2012 में करनी है। मीटिंग में पावरप्वान्इट द्वारा विषय का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा तथा फाइलेरिया से सम्बन्धित लीफलेट उपलब्ध कराने के साथ वॉलेन्टरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (VHAI) द्वारा फाइलेरिया पर प्रकाशित पुस्तिका का भी वितरण सदस्यों को किया जायेगा। वॉलेन्टरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इण्डिया का पता निम्नवत् है–

   श्री जे0पी0 शर्मा, एक्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, वी0एच0ए0आई0
   5/459, विरामखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010
   फोन नं0 0522–2725586, 2725539, फैक्सनं0– 0522–2728856, ई–मेल upvha_lko@yahoo.com

2. एक दिवसीय प्रशिक्षण, 25–30 चिकित्साधिकारियों के बैच में प्रदान किया जायेगा। चिकित्साधिकारियों को मानदेय ₹ 200.00 की धनराशि दिया जाएगा तथा जनपद मुख्यालय से बाहर के चिकित्साधिकारियों को उपलब्ध स्थानीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा के आधार पर यात्रा भत्ता का [illegible] है। फैकल्टी को प्रति लेक्चर ₹ 200.00 अनुमन्य हैं तथा एक दिन में अधिकतम पांच फैकल्टी से अधिक को मानदेय भुगतान नहीं किया जायेगा ।

---7

3. एक दिवसीय प्रशिक्षण, 25–30 पैरामेडिकल कर्मचारियों (पर्यवेक्षकों) के बैच में प्रदान किया जायेगा। पैरामेडिकल्स (पर्यवेक्षकों) को ₹ 125.00 मानदेय दिया जायगा तथा प्रति पैरामेडिकल पर ₹ 10.00 रिफ्रैशमेंट पर व्यय किया जायेगा। प्रति बैच कन्टीजेंसी के लिये ₹ 250.00 एवं सेक्रेट्रियल असिस्टैंस के लिये ₹ 200.00 का प्राविधान है। फैकल्टी को प्रति लेक्चर ₹ 200.00 अनुमन्य हैं तथा एक दिन में अधिकतम दो फैकल्टी से अधिक को मानदेय भुगतान नहीं किया जायेगा।

4. नाइट सर्वे/माइक्रो फाइलेरिया सर्वे के अर्न्तगत 04 स्थायी एवं 04 रेण्डम कुल 08 स्थलों के लिये 04 व्यक्तियों (पैरामेडिकल/टेक्नीशियन/सहायक) के लिये प्रति स्थल तीन दिन के लिये ₹ 125.00 प्रति दिन के आधार पर मानदेय एवं प्रति व्यक्ति प्रति स्थल ₹ 200.00 यात्रा भत्ता तथा प्रति स्थल ₹ 500.00 कन्टीजेंसी भुगतान के लिये निर्धारित है। समस्त 08 स्थलों के लिये आवश्यक स्लाइड, नीडिल, कॉटन, स्प्रिट, स्टेन आदि पर व्यय हेतु ₹ 24600.00 की धनराशि निर्धारित है।

5. औषधि वितरकों/उपचारकों की संख्या का आगणन जनपद में उपलब्ध कुल लाभार्थियों की संख्या हेतु 250 लाभार्थी प्रति वितरक/उपचारक के आधार पर किया गया है। इनको भी आवश्यक प्रशिक्षण, 25–30 के बैच में प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक वितरक/उपचारक को प्रशिक्षण के दिन का मानदेय ₹ 50.00 दिया जाएगा, इस प्रकार प्रत्येक वितरक को मानदेय के रूप में कुल ₹ 100.00 का भुगतान किया जायेगा। औषधि वितरक/उपचारकों की स्थानीय उपलब्धता के अनुसार मौडलिटी तैयार कर ली जाए, परन्तु उपरोक्तानुसार वर्णित आंगणन से अधिक का भुगतान न किया जाए। 'मॉप–अप' राउण्ड के लिये अतिरिक्त मानदेय राशि अनुमन्य नहीं है।

6. हाइड्रोसील रोगियों के आपरेशन (शल्य क्रिया) के लिये प्रदान की गयी राशि से चिन्हित चिकित्सा केन्द्रो पर दो कैम्प प्रति माह कराया जाना आवश्यक है। रोगी चिकित्सक/सर्जन को मानदेय ₹ 250.00, स्टाफ नर्स को मानदेय ₹ 50.00, दो अटेंडेंट प्रत्येक को मानदेय ₹ 25.00, रोगी की औषधि हेतु ₹ 300.00 एवं रोगी की ट्रांस्पोर्ट व्यवस्था हेतु ₹ 100.00, इस प्रकार कुल ₹ 750.00 की धनराशि प्रति रोगी अनुमन्य है।

7. मोबिलिटी सपोर्ट/पी0ओ0एल0 मद में उपलब्ध राशि उपकेन्द्रों एवं नगरीय क्षेत्रों की संख्या के अनुसार उपलब्ध कराई गयी है। इस मद में उपलब्ध धनराशि का उपयोग अन्य जनपद से डी0ई0सी0 टेबलेट/एल्बेण्डाजोल टेबलेट प्राप्त करने में भी किया जा सकता है।

8. पोस्ट एम0डी0ए0 असेस्मेण्ट मेडिकल कॉलेज/आई.सी.एम.आर. संस्थान के द्वारा समस्त जनपदीय कार्यक्रम अधिकारियों को कराना आवश्यक होगा, इस हेतु ₹ 10000.00 की धनराशि प्रति जनपद की दर से देय होगी।

9. फाइलेरिया दिवस से सम्बन्धित कियाकलापों हेतु निर्गत की जा रही धनराशि के सापेक्ष मदवार व्यय का सत्यापन मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0 द्वारा किया जायेगा। मण्डलीय अपर निदेशक द्वारा फाइलेरिया दिवस के आयोजन के उपरान्त एक माह के अन्दर उक्त की आख्या इस कार्यालय प्रेषित की जायेगी।

घः कालाजार

1. कालाजार सर्च कैम्प एवं कालाजार पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य कालाजार के नए/छिपे हुए रोगियों का पता लगाकर उनको पूर्ण रूप से उपचारित कर रोग के स्रोत को समाप्त करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभाग के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियो (पुरूष/महिला)/आगनबाड़ी कार्यकत्री/आशा/एन0जी0ओ0 आदि के सदस्यों को रोग के लक्षणों से परिचित कराकर सर्वेक्षण कराया जाए और सम्भावित रोगी का उच्च स्तरीय परीक्षण कराकर निकटतम चिकित्सालय के चिकित्सक की देखरेख में उपचार की व्यवस्था कराई जाए। सर्वेक्षण में लगाए गए कार्यकर्ता/स्वयंसेवी को प्रतिदिन ₹ 50.00 के आधार पर मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

2. स्प्रे उपकरणों की मरम्मत एवं उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

3. स्प्रे के लिए लगाए गए मजदूरों का प्रशिक्षण आई0आर0एस0 प्रथम चक्र से कम से कम 15 दिन पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।

4. आई0आर0एस0 – प्रथम/द्वितीय चक्र का आयोजन यथासमय स्प्रे वेज़ेज़ मद में आवंटित धनराशि से किया जायेगा।

5. मोबिलिटी/पी0ओ0एल0 मद में आवंटित धनराशि से सघन सर्वे कराकर रोगियों की खोज की जाएगी।

च. जे0ई0/ए0ई0एस0

1. सेन्टीनल साईट्स की स्ट्रेन्थनिंग (f.1.3.a) –

इस मद में प्रत्येक जनपद में प्रयोगशाला के उपकरण यथा–एलाईजा रीडर एवं एसेसरीज आदि के लिये रु0 3,00,000/– प्रति जनपद एवं राज्य मुख्यालय को रु0 8,80,000/– प्रयोगशाला के लिये आवंटित किये गये हैं। महानिदेशालय स्तर से निर्धारित क्रय अनुबन्ध के आधार पर एलाईजा रीडर एवं एसेसरीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये एवं भुगतान नियमानुसार क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर किया जाये। इसकी स्टॉक एन्ट्री एवं उपयोगिता की सूचना भी इस कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

राज्य मुख्यालय पर कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के मानदेय के भुगतान हेतु रु0 10,000/– प्रति माह की दर से रु0 1,20,000/– आवंटित किये गये हैं। जिसका भुगतान नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर सुनिश्चित किया जाये।

2. आई0ई0सी0/बी0सी0सी0 (f.1.3.b) –

1) इस मद में प्रत्येक उपकेन्द्र एवं चिकित्सालयों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के एक–एक कर्मियों को स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने के लिये रु0 43/– प्रति कर्मी के आधार पर धन आवंटित किया गया है।
2) प्रत्येक चिकित्सालय, प्रा0/सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्रों पर ए0ई0एस0/जे0ई0 से सम्बन्धित स्वास्थ्य शिक्षा सन्देश (रोग के लक्षण, बचाव व उपचार आदि) उपयुक्त आकार (6' x 8') में दीवारों पर स्थानीय भाषा में एडहेसिव युक्त वेनाइल पोस्टर लिगवाये जायें। इस कार्य हेतु रू0 500/– प्रति दर से जनपदों को धनराशि आवंटित की गई है।
3) प्रत्येक चिकित्सालय, प्रा0/सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्रों की संख्या के आधार ए0ई0एस0/जे0ई0 से सम्बन्धित स्वास्थ्य शिक्षा सन्देश (रोग के लक्षण, बचाव व उपचार आदि) उपयुक्त आकार के कलेन्डरों के रूप में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्स सेवायें द्वारा विकसित एवं मुद्रित कराकर जनपदों को आपूर्ति किया जायेगी। महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्स सेवायें स्तर से प्रिन्टिगं हेतु अल्पकालिक निविदा के माध्यम से इस कार्य को कराया जायेगा तथा सम्बन्धित जनपदों में जनसंख्या के आधार पर इनका वितरण किया जायेगा।

3. कैपिसिटी बिल्डिंग (f.1.3.c) –

1) **चिकित्सकों का प्रशिक्षण**– प्रशिक्षण बैच में राज्य मुख्यालय स्तर से उपयुक्त स्थल पर सम्पादित कराया जायेगा। प्रत्येक प्रशिक्षण के बैच में 25 चिकित्सक प्रतिभागी होंगे एवं इस राशि का व्यय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा उपलब्ध बजट से नियमानुसार किया जायेगा। इस प्रकार 500 चिकित्सकों के प्रशिक्षण हेतु प्रति चिकित्सक, टी0ए0 के लिए रू0 1100/–, मुद्रित सामग्री हेतु रू0 600/–, रिफ्रेशमेंट हेतु रू0 250/–, कन्टिजेंसी हेतु रू0 200/–, फेकल्टी मेम्बर हेतु मानदेय रू0 300/– प्रति प्रतिभागी की दर से देय होगा एवं फेकल्टी मेम्बर (मेडिकल कालेज फेकल्टी, विषय विशेषज्ञ) हेतु टी0ए0 रू0 300/– प्रति प्रतिभागी की दर से देय होगा।
2) **स्टाफ नर्स का प्रशिक्षण**– एक दिवसीय प्रशिक्षण बैच में राज्य मुख्यालय स्तर से उपयुक्त स्थल पर सम्पादित कराया जायेगा । प्रत्येक प्रशिक्षण के बैच में 25 प्रतिभागी होंगे एवं इस राशि का व्यय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा उपलब्ध बजट से नियमानुसार किया जायेगा। इस प्रकार 800 स्टाफ नर्सों के प्रशिक्षण हेतु प्रति स्टाफ, मुद्रित सामग्री हेतु रू0 200/–, रिफ्रेशमेंट हेतु रू0 200/–, कन्टिजेंसी हेतु रू0 50/–, स्टाफ नर्सों के प्रशिक्षकों (प्रभारी एम0ओ0आईसी0) हेतु मानदेय हेतु रू0 300/– प्रति प्रतिभागी की दर से आवंटित किया गया है।
3) **मलेरिया/फाइलेरिया स्टाफ का प्रशिक्षण**– एक दिवसीय प्रशिक्षण बैच में राज्य मुख्यालय स्तर से उपयुक्त स्थल पर सम्पादित कराया जायेगा । प्रत्येक प्रशिक्षण के बैच में 25 प्रतिभागी होंगे एवं इस

राशि का व्यय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा उपलब्ध बजट से नियमानुसार किया जायेगा। इस प्रकार 350 स्टाफ के प्रशिक्षण हेतु प्रति स्टाफ, मुद्रित सामग्री हेतु रू0 150/–, रिफ्रेशमेंट हेतु रू0 150/–, कन्टिजेंसी हेतु रू0 100/– की दर से एवं मलेरिया/फाइलेरिया के प्रशिक्षकों (स्टेट एन्टोमोलॉजिस्ट) हेतु मानदेय हेतु रू0 200/– प्रति प्रतिभागी की दर से आवंटित किया गया है।

4) **ए0एन0एम0/आशा का प्रशिक्षण** –एक दिवसीय प्रशिक्षण बैच में जनपद स्तर पर उपयुक्त स्थल पर सम्पादित कराया जायेगा । प्रत्येक प्रशिक्षण के बैच में 25 प्रतिभागी होंगे एवं इस राशि का व्यय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा उपलब्ध बजट से नियमानुसार किया जायेगा। इस प्रकार 10000 ए0एन0एम0/आशा का प्रशिक्षण हेतु प्रति ए0एन0एम0/आशा, मुद्रित सामग्री हेतु रू0 50/–, रिफ्रेशमेंट हेतु रू0 100/–, कन्टिजेंसी हेतु रू0 50/–, मानदेय हेतु रु0 200/– प्रति प्रतिभागी एवं यात्रा व्यय हेतु रु0 100/– की दर से आवंटित किया गया है। इनको प्रशिक्षण प्रभारी सी0एच0सी0 देंगे।

5) **वार्ड ब्वाय/सहायक का प्रशिक्षण** –एक दिवसीय प्रशिक्षण बैच में जनपद स्तर पर उपयुक्त स्थल पर सम्पादित कराया जायेगा । प्रत्येक प्रशिक्षण के बैच में 25 प्रतिभागी होंगे एवं इस राशि का व्यय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा उपलब्ध बजट से नियमानुसार किया जायेगा। इस प्रकार 800 वार्ड ब्वाय/सहायक का प्रशिक्षण हेतु प्रति वार्ड ब्वाय/सहायक, मुद्रित सामग्री हेतु रू0 50/–, रिफ्रेशमेंट हेतु रू0 150/–, कन्टिजेंसी हेतु रू0 50/–, वार्ड ब्वाय/सहायक के प्रशिक्षक (प्रभारी सी0एच0सी0) हेतु मानदेय हेतु रु0 300/– की दर से आवंटित किया गया है।

4) **ट्रीटमेन्ट शेड्यूल की आपूर्ति**– महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्स सेवायें स्तर से विकसित एवं मुद्रित कर जनपदों को आपूर्ति कराई जायेगी। ट्रीटमेन्ट शेड्यूल प्रदेश के चिकित्सालयों एवं उपकेन्द्रों पर डिस्प्ले करने हेतु जनपदों को आपूर्ति किया जायेगा जिसके लिये महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्स सेवायें को बजट आवंटित किया गया है। महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्स सेवायें स्तर से प्रिन्टिगं हेतु अल्पकालिक निविदा के माध्यम से इस कार्य को कराया जायेगा तथा सम्बन्धित जनपदों में जनसंख्या के आधार पर इनका वितरण किया जायेगा।

4. मॉनीटरिंग एण्ड सुपरविज़न (f.1.3.d) –

इस मद में राज्य मुख्यालय स्तर से अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु विभिन्न अधिकारियों के भ्रमण हेतु वाहन व्यवस्था के लिये रु0 5,00,000/– एवं पर्यवेक्षीय रिपोर्ट एवं सूचनाओं के संग्रहण एवं सम्प्रेषण हेतु रु0 5,00,000/– (कुल धनराशि रु0 10,00,000/–) आवंटित की जा रही है। सम्बन्धित अधिकरियों अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम सक्षम अधिकारी से अनुमोदित कराएगें तथा भ्रमण के उपरान्त भ्रमण आख्या तिथि एवं स्थान की डिजीटल फोटोग्राफ सहित सी0डी0 में इस कार्यालय को रिकार्ड हेतु उपलब्ध करायी जायेगी।

5. वेक्टर कन्ट्रोल –

1) मैलाथियॉन टेक्नीकल (f.1.3.e) – प्रत्येक प्रा0 स्वा0 केन्द्र पर आवश्यकता के अनुरुप रु0 11,360/– की दर से आवंटित किया गया है तथा महानिदेशालय स्तर से निर्धारित क्रय अनुबन्ध के आधार पर फॉगिंग कार्य हेतु इस कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये एवं भुगतान नियमानुसार क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर किया जाये।

2) ऑपरेशनल कास्ट (f.1.3.f) – प्रति प्रा0 स्वा0 केन्द्र रु0 909/– फॉगिंग मशीन ऑपरेट करने वाले आपरेटर को घण्टे के आधार पर यथाउपलब्धतानुसार मितव्ययता बरतते हुये नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

3) फॉगिंग मशीन (f.1.3.g) – पोर्टेबल थर्मल फॉगिंग मशीन के क्रय हेतु अनुमानित दर प्रति मशीन रु0 85000/– की दर से जनपदों को बजट का आवंटन किया गया है तथा महानिदेशालय स्तर से निर्धारित क्रय अनुबन्ध के आधार पर फॉगिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये एवं भुगतान नियमानुसार क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर किया जाये।

9. संविदा कर्मियों के मानदेय के मद में अवमुक्त की जा रही धनराशि से मानदेय का भुगतान उन्हीं संविदा कर्मियों को किया जाएगा जिनका मूल्यांकन करने के पश्चात् वर्ष 2012–13 के लिए अनुबन्धित किया गया हो। मानदेय का भुगतान संविदा कर्मियों का वर्ष 2012–13 में अनुबन्धित होने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ की तिथि से उनके द्वारा किये गये सन्तोष जनक कार्य के आधार पर किया जाए।

